Title: Need to set up a Buddhist Culture and Heritage Conservation Centre and also a Convention Centre in Siddharthnagar district

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज, उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जो भगवान बुद्ध के जन्म स्थान के रूप में प्रसिद्ध है, जहां उन्होंने अपने जीवन के पहले 29 वर्ष बिताए थे | लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों के आधार पर नीति आयोग द्वारा सिद्धार्थनगर जिले को 112 आकांक्षी जिलों में शामिल किया गया हैं । सिद्धार्थनगर के लोग आकांक्षी जिले के रूप में सिद्धार्थनगर की पहचान करने और जिले में विकास और समृद्धि लाने के लिए राष्ट्रीय प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए साथ ही दृष्टि और नेतृत्व प्रदान करने के लिए हमारे माननीय प्रधानमंत्री के बहुत आभारी हैं । मैं आपको यह भी अवगत कराना चाहता हूं कि सिद्धार्थनगर में कपिलवस्तु बौद्ध तीर्थयात्रा के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है और हर साल कई बौद्धों के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी कपिलवस्तु आते हैं । इसलिए, बौद्ध तीर्थयात्रियों और अन्य उद्देश्यों की सुविधा के लिए कपिलवस्तु में बौद्ध संस्कृति और विरासत संवहन केंद्र स्थापित करना बहुत महत्वपूर्ण है । बोध महोत्सव, बौद्ध सम्मेलन, एसोसिएशन ऑफ बुद्धिस्ट टूर ऑपरेटर्स (एबीटीओ) जैसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आयोजकों को निजी स्थान की तलाश करनी पड़ती हैं । कन्वेंशन सेंटर बनने से यह समस्या दूर हो जाएगी । यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा बल्कि स्थानीय विक्रेताओं के लिए व्यापार के अवसर भी प्रदान करेगा । बड़ी भागीदारी के लिए बड़े आध्यात्मिक और बौद्ध कार्यक्रम, व्यापारिक सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।